# रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत- राजनाथ

**नई दिल्ली, 20 मई.** भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को कई महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ. इनमें डिफेंस साइबर सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी समझौता, भारत के नेशनल डिफेंस कॉलेज और दक्षिण कोरिया की कोरिया नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के बीच सहयोग तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में सहयोग से जुड़े समझौते शामिल हैं.

इन समझौतों को दोनों देशों की साझेदारी को अधिक व्यापक, बहुआयामी और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है. ये समझौते दक्षिण कोरिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुए. राजनाथ ने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किये. बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई. हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी. रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी के और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने की अपेक्षा है. सिंह ने कोरिया में वीर सैनिकों के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि भी अर्पित की. उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अपने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया. उनका साहस, समर्पण और देशभक्ति की भावना सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी. भारत, कोरिया गणराज्य के वीरों की विरासत का सम्मान करने में उसके साथ एकजुटता से खड़ा है.

> दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वहां के रक्षा मंत्री आन ग्यू-बैक और डिफेंस एक्विजिशन प्रोग्राम एडमिनिस्ट्रेशन के मंत्री ली योंग-चेओल से महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं. भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा, रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई. दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आन ग्यू-बैक के साथ वार्ता के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को गहरा करने के लिए सार्थक चर्चा हुई.

## पाकिस्तान वायुसेना का ट्रेनिंग विमान क्रैश

**मियांवाली, पाकिस्तान, 20 मई.** पाकिस्तान वायुसेना का एक ट्रेनिंग विमान, हॉगडू के-8, मियांवाली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे के दौरान विमान में सवार दोनों पायलटों ने इजेक्ट कर पैराशूट के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. शुरुआती जानकारी के अनुसार, दोनों पायलट अनुभवी हैं और उनकी त्वरित प्रतिक्रिया के कारण दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. पाकिस्तान वायुसेना ने विमान हादसे की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन कर दिया है. जांच में तकनीकी खराबी, विमान के रखरखाव और मानवीय त्रुटि समेत सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है.हादसे की वीडियो फुटेज और तस्वीरों में देखा गया कि दोनों पायलट समय रहते इजेक्ट कर सुरक्षित स्थान पर उतर गए. दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है और जमीन पर किसी संभावित हताहत या क्षति की जानकारी पाकिस्तान वायुसेना द्वारा साझा नहीं की.

## खांडू ने शाह के साथ अरुणाचल प्रदेश की परियोजनाओं पर की चर्चा

**नयी दिल्ली 20 मई. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अरुणाचल प्रदेश में चल रही राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की.**

इस बैठक के दौरान खांडू और शाह ने राज्य में चल रही विकास पहलों और बुनियादी ढांचे तथा रणनीतिक परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की. इस दौरान खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के विकास और प्रगति के प्रति निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शाह और केंद्र सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया.

उन्होंने कहा कि केंद्र की लगातार सहायता ने इस सीमावर्ती राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने तथा कनेक्टिविटी और विकास को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

## भारत-स्वीडन साझेदारी से स्थिरता और विकास का नया युग का आरंभ

**नईदिल्ली, 20 मई.** पीएम नरेंद्र मोदी और स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन ने 17 मई को गोटेनबर्ग में हुई बैठक में औद्योगिक परिवर्तन, साफ ऊर्जा और तकनीकी सहयोग पर चर्चा की. भारत की महत्वाकांक्षाएँ स्पष्ट हैं—2047 तक विकसित देश का दर्जा और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन. स्वीडन के 98 प्रतिशत जीवाश्म मुक्त बिजली ग्रिड और क्लाइमेट एक्शन नेतृत्व ने इस साझेदारी को और मजबूत बनाया है. लीडआईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोनों देशों ने यह दिखाया कि विकसित और विकासशील देश साझा जिम्मेदारी और नवाचार के जरिए समाधान निकाल सकते हैं. दोनों देशों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का समाधान केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग से संभव है. प्रत्येक देश अपनी विकासात्मक परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के अनुसार तकनीक अपनाने का अवसर पाएं.

## बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास प्रगति शुरू

**नई दिल्ली, 20 मई.** मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में भारतीय सेना का बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास प्रगति-2026 बुधवार को शुरू हो गया जिसमें भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम सहित 12 मित्र देशों के सैनिक भागीदारी कर रहे हैं.

इन देशों की सैन्य टुकड़ियों के आगमन पर उनका गर्मजोशी और पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आतिथ्य सत्कार को दर्शाता है।प्रगति (पीआरएजीएटीआई) जिसका अर्थ 'हिंद महासागर क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय सेनाओं की साझेदारी' है का आयोजन समानता, मित्रता और आपसी सम्मान की भावना से किया जा रहा है. यह अभ्यास सेनाओं को पेशेवर आदान-प्रदान, एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और घनिष्ठ सैन्य संबंध बनाने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है. उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. भारतीय सेना के अपर महानिदेशक (इन्फैंट्री) मेजर जनरल सुनील श्योराण ने सभी टुकड़ियों का स्वागत किया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी कार में मुस्कुराते हुए . इस दौरान दोनों के मध्य भारत-इटली संबंधों की नई ऊंचाई पर भारत और इटली के बीच मित्रता और सहयोग का प्रतीकात्मक और सकारात्मक रूप से अनौपचारिक मुलाकात हुई .

# जल्द खत्म होगा युद्ध, समझौते के लिए ईरान बेताब : डोनाल्ड ट्रंप

▸ परमाणु हथियार हैं और उन्हें यह हथियार नहीं लेने देंगे

**वाशिंगटन, 20 मई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हाल ही में अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद ईरान 'समझौता करने के लिए बहुत बेताब है.**

उन्होंने दावा किया कि तेहरान की सैन्य क्षमता काफी हद तक खत्म कर दी गई है. साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी. ट्रंप व्हाइट हाउस के सालाना कांग्रेसनल पिकनिक में बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने राजनीतिक रैली जैसी शैली में अर्थव्यवस्था, विदेश नीति और अपनी सरकार के एजेंडे पर भी बात की और बार-बार ईरान और मध्य पूर्व में तनाव का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि हम इस युद्ध को बहुत जल्दी खत्म कर देंगे. वे समझौता करना चाहते हैं.

वे इससे थक चुके हैं. राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने कार्रवाई इसलिए की क्योंकि 'उनके दिमाग में परमाणु हथियार हैं और हम उन्हें यह हथियार नहीं लेने देंगे. उन्होंने कहा कि हमने बहुत अच्छा काम किया है और मुझे लगता है हम बहुत जल्दी यह पूरा कर लेंगे और उनके पास परमाणु हथियार नहीं होगा.

## आंध्र सरकार ने अडानी को गंडीकोट-2 परियोजना सौंपी

**विजयवाड़ा, 20 मई.** आंध्र प्रदेश सरकार ने वाईएसआर कडप्पा जिले में 2,250 मेगावाट की गंडीकोट-2 पंप्ड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) को अडानी हाइड्रो एनर्जी इलेवन लिमिटेड (एएचई11एल ) को आवंटित करने की मंजूरी दे दी है. अडानी समूह द्वारा 'आंध्र प्रदेश एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024' के तहत विकसित की जाने वाली यह परियोजना देश की सबसे बड़ी पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं में से एक और आंध्र प्रदेश की अगली पीढ़ी की बिजली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है. उल्लेखनीय है कि गंडीकोट-2 पीएसपी को 72 महीनों के भीतर पूरा करने का समय तय किया गया है. यह मंजूरी मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता वाले राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एसआईपीबी) द्वारा हरी झंडी मिलने के बाद दी गयी है.

## रुबियो भारत के साथ मनाएंगे अमेरिका का 250वां बर्थडे

▸ दिल्ली दौरे से पहले रुबियो ने दिया बड़ा बयान

**वॉशिंगटन, 20 मई.** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है और इसे दुनिया का सबसे सबसे बड़ा लोकतंत्र बताया है. रुबियो ने कहा कि वह अमेरिका का 250वां जन्मदिन भारत में साझेदारों के साथ मनाने के लिए उत्सुक हैं.

अमेरिकी विदेश मंत्री का बयान उनकी नई दिल्ली यात्रा के ठीक पहले आया है, जो इसी सप्ताह के आखिर में शुरू होने वाली है. अमेरिकी विदेश विभाग ने इस यात्रा की पुष्टि की है. रुबियो ने कहा कि 'जैसे-जैसे अमेरिका अपना 250वां जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहा है, हम इसे भारत में अपने साझेदारों के साथ मनाने के लिए उत्सुक हैं. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम दुनिया का सबसे पुराना. हम इसे साथ मिलकर मनाने का इंतजार कर रहे हैं. विदेश मंत्री मार्को रुबियो 23 मई से चार दिनों के भारत दौरे पर रहेंगे. अमेरिकी विदेश मंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी. अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि 23 से 26 मई की अपनी चार दिनों की यात्रा में रुबियो कोलकाता, आगरा, जयपुर और नई दिल्ली जाएंगे.

## सीबीआई ने घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी मामले में बिल्डर और बैंक की मिलीभगत का पता लगाया

**नई दिल्ली, 20 मई. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और लोक सेवकों द्वारा आपराधिक कदाचार से जुड़े एक बड़े मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड, उसके निदेशकों तथा भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है.**

सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने बैंक अधिकारियों एवं अन्य निजी व्यक्तियों के साथ कथित आपराधिक साजिश रचकर झूठे आश्वासन और फर्जी प्रस्तुतियों के माध्यम से घर खरीदारों एवं निवेशकों को गुमराह किया तथा अवैध एवं भ्रामक तरीकों से वित्तीय लाभ प्राप्त किया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी बैंक अधिकारियों ने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग करते हुए स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर बिल्डर के अवैध कृत्यों को सुविधाजनक बनाया. इससे बिल्डर कंपनी को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचा तथा संबंधित वित्तीय संस्थानों और घर खरीदारों को भारी नुकसान हुआ. सीबीआई ने सक्षम अदालत में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी तथा जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने समेत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार के आरोपों में आरोपपत्र दाखिल किया है.

> जांच एजेंसी को पर्याप्त दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य मिले हैं, जिनसे आधिकारिक पदों के दुरुपयोग, चैनलों के जरिए निवेश करने एवं दुरुपयोग तथा घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़ी एक व्यापक साजिश के संकेत मिले हैं. उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 50 मामलों की जांच कर रही है. ये मामले घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और धन की हेरफेर से संबंधित हैं.

## राहुल का पीएम मोदी पर कटाक्ष

**नई दिल्ली, 20 मई.** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली दौरे को लेकर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश आर्थिक तूफ़ान के दौर से गुजर रहा है, वहीं प्रधानमंत्री टॉफ़ी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि किसान, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी सब संघर्ष कर रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ता ताली बजा रहे हैं. यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है. मोदी अपने पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में रोम पहुंचे, जहां उन्होंने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की और भारतीय कंपनी पारले की मेलोडी चॉकलेट उपहार स्वरूप दी. मेलोनी ने इस पल की तस्वीरें साझा कीं, जिन्हें लेकर भारतीय राजनीति में हलचल मची. इस बयान पर भाजपा

अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी अराजक और विभाजनकारी मानसिकता की उपज है. उन्होंने कहा कि मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अपमान करना निंदनीय है और कांग्रेस को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी. नवीन ने मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और वैश्विक सम्मान को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का करारा जवाब देगी।उन्होंने सवाल उठाया कि आतंकवाद पर लगाम कसने, नक्सलवाद समाप्त करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत करने वालों को क्या गद्दार कहा जा सकता है?

## देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी

**नयी दिल्ली, 20 मई.** उत्तर भारत भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में है. दिल्ली, यूपी और राजस्थान समेत कई राज्यों में तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. आईएमडी ने कई इलाकों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. दिल्ली में पारा 46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि यूपी का बांदा 48.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा. राजस्थान में भी अगले एक सप्ताह तक राहत के आसार नहीं हैं. दिल्ली में बुधवार सुबह से ही तेज गर्मी का असर देखने को मिला. शहर का न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है. मौसम विभाग ने दिनभर भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई है.

### आज का इतिहास

**2002** – कश्मीरी वकील, राजनेता और कश्मीरी अलगाव वादी नेता अब्दुल गनी लोन का निधन

**2003** – विश्व के 190 से भी अधिक देशों ने तम्बाकू के खिलाफ़ अंतर्राष्ट्रीय संधि को जिनेवा में मंजूरी दी

**2005** – बंगाली मूल के प्रसिद्ध फ़िल्मकार (निर्माता और निर्देशक) सुबोध मुखर्जी का निधन

## बिजली कटौती ने बनाया लोगों का जीवन नर्क : केजरीवाल

**नयी दिल्ली, 20 मई.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि एक तरफ दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के पार चले जाने के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पूरी दिल्ली में बार-बार बिजली कटौती कर करके लोगों का जीवन और नर्क बना दिया है. केजरीवाल ने एक्स पर कहा, 'पैंतालिस डिग्री की भीषण गर्मी में पूरी दिल्ली में पावर कट लग रहे हैं. दिल्लीवाले बेहाल हैं. लाइट कट जा रही है. सोशल मीडिया पर शिकायतें भरी पड़ी हैं.

## मोदी और उल्फ क्रिस्टर्सन ने लिखा संयुक्त लेख

**नईदिल्ली, 20 मई.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार बताया कि उन्होंने स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ मिलकर एक संयुक्त लेख लिखा है. इस लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत और स्वीडन किस प्रकार द्विपक्षीय सहयोग के एक नए युग को आकार दे रहे हैं.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-स्वीडन साझेदारी नवाचार, स्थिरता और साझा समृद्धि के मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि दोनों देश हरित परिवर्तन और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को नई दिशा दे रहे हैं. नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और स्वीडन के बीच सहयोग का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हरित ऊर्जा, टिकाऊ विकास और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं.

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हुई बातचीत को बेहद शानदार बताते हुए कहा कि भारत-इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के स्तर तक पहुंचा दिया है. मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी भारत-इटली मित्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं.

**विदेश दौरा** क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

# प्रशासनिक देरी लोगों के अधिकार छीनती : मुर्मु

▸ मुर्मु का बयान प्रशासनिक देरी पर सख्त

**नयी दिल्ली, 20 मई.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिविल अधिकारियों से जनहित और स्थापित व्यवस्था के अनुरूप सही निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा है कि जिस प्रकार न्याय मिलने में देरी को न्याय से वंचित करना माना जाता है उसी प्रकार प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी भी लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान है. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2024 बैच के अधिकारियों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की. ये अधिकारी अभी विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत हैं. राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं, विशेषकर भारतीय प्रशासनिक सेवा, ने देश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. अब जबकि देश विकास के एक उच्च स्तर में प्रवेश कर चुका है, अधिकारियों से अपेक्षाएँ भी अधिक बढ़ गई हैं. श्रीमती मुर्मु ने कहा कि नैतिकता और सुशासन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं.

### राष्ट्रपति ने युवाओं से किया आव्हान

राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का विशिष्ट अवसर प्राप्त होगा. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विभिन्न क्षेत्रों और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की उनकी क्षमता असाधारण होनी चाहिए. राष्ट्रपति ने कहा , अधिकारियों की निष्पक्षता उनकी न्यायप्रियता का संकेत होगी. उनकी संवेदनशीलता समावेशिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का मापदंड होगी. उनकी विश्वसनीयता पारदर्शिता और निरंतर उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर आधारित होगी.

## 59 साल बाद सत्ता में भागीदार बनी कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 20 मई.** तमिलनाडु में कांग्रेस 59 साल बाद राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने जा रही है और उसके दो विधायक गुरुवार को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेंगे. कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष खरगे ने कांग्रेस विधायक एडवोकेट राजेश कुमार और थिरु पी. विश्वनाथन को तमिलनाडु मंत्रिमंडल में शामिल करने को मंजूरी दे दी है और दोनों नेता कल मंत्री पद की शपथ लेंगे. कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि 59 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद पार्टी तमिलनाडु मंत्रिमंडल में शामिल होने जा रही है.

## आईओएस सागर से समुद्री मित्रता को नई उड़ान

▸ 16 देशों के नौसैनिकों संग लौटा भारत

**नई दिल्ली, 20 मई.समुद्री लहरों पर कई सप्ताह तक सहयोग, प्रशिक्षण और साझेदारी का संदेश देने के बाद भारतीय नौसेना का आईओएस सागर-26 मिशन सफलता पूर्वक संपन्न हो गया. इस ऐतिहासिक मिशन के तहत तैनात आईएनएस सुनयना बुधवार को स्वदेश लौट आया.**

यहां इस नौसैनिक जहाज का भव्य फ्लैग-इन समारोह में स्वागत किया गया. यह समारोह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती समुद्री भूमिका, मित्र देशों के साथ मजबूत होते रिश्तों और साझा सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक बना. इंडियन ओशियन शिप (आईओएस) सागर-26 मिशन 'वन ओशन, वन मिशन' की भावना पर आधारित था. इसने समुद्र को केवल व्यापार और रणनीति का माध्यम नहीं, बल्कि मित्रता, विश्वास और सहयोग के मंच के रूप में प्रस्तुत किया. मिशन के दौरान भारत सहित 17 देशों के नौसैनिक इस युद्धपोत पर साथ रहे. इन नौसैनिकों ने एक साथ प्रशिक्षण लिया, समुद्र में संयुक्त गतिविधियां संचालित कीं और एक-दूसरे की कार्यप्रणाली को करीब से समझा. इस अनूठी पहल में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, केन्या, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, थाईलैंड, सहित संयुक्त अरब अमीरात के नौसैनिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया.